# मैनिट की पुरानी यादों में खोये के पूर्व छात्र और छात्राएं

## ग्लोबल एलुमनी मीट 2025 में 400 से अधिक पूर्व छात्र हुए शामिल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 दिसंबर. मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी ( एमएसीटी ) अब मैनिट में शनिवार का दिन 60 साल की यादों को ताजा कर गया. मैनिट द्वारा आयोजित ग्लोबल एलुमनी मीट 2025 में देश भर से 400 से अधिक पूर्व छात्र शामिल हुए. कुछ अपनी फैमिली के साथ आये तो कुछ पुरानी सहेजी यादों के साथ. शनिवार सुबह 10 बजे से ही परिसर के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर हॉल में नए पुराने छात्रों का समूह इकट्ठा होना शुरू हुआ तो हंसी के ठहाकों सहित पुरानी यादें तरो ताजा होने लगीं.**

कार्यक्रम में देश-विदेश से कई पूर्व छात्रों ने सहभागिता दी और अपने अनुभव साझा किए.




कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पंजीयन और स्वागत प्रक्रिया के साथ हुई. संस्थान के निदेशक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. इसके बाद ग्लोबल मैनिट एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एलुमनी की भूमिका और योगदान पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में वर्तमान परिषद के सदस्यों का सम्मान किया गया. मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने शिक्षा अनुसंधान और संस्थान के विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे. इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया. दोपहर के सत्र में स्वर्ण जयंती और रजत जयंती बैच के पूर्व छात्रों का सामूहिक फोटो सत्र आयोजित किया गया. इसके बाद यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में थर्मल कैलिब्रेशन और रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया गया. इसके साथ ही कई पूर्व छात्रों ने अपने पुराने किस्सों और कहानियों को भी साझा किया.

### 12 साल पहले का एंट्रेंस गेट, पेड़ सब याद आ रहे



मैं 12 साल बाद आ रही हूं,एंट्रेंस गेट से ऊपर की चढ़ाई, पहाड़ी, पेड़ सब कुछ याद आ रहा है. जीवन के कई पहलुओं को कैसे संभाला जा सकता है मैनिट ने वो सब सिखाया है.

**पायल वीके,** कंप्यूटर साइंस, वर्ष 2012

### माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में मिला काम का अवसर



मुझे लोगों से इंट्रैक्शन करना नहीं आता था, लेकिन मैनिट ने मुझे माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनी में काम करने का मौका दिया. मैनिट ने वो सब कुछ सिखाया है जो एक व्यक्ति को कॉलेज लाइफ में पढ़ाई के साथ सीखना चाहिए. **रामेंद्र,** कंप्यूटर साइंस,वर्ष 2012

### यहां की लड़ाइयों से सीखा जीवन की लड़ाइयां लड़ना



हमने लड़ाइयां भी बहुत लड़ी है मैनिट में. पहले ये एमएसीटी के नाम से जाना जाता था. यहां की लड़ाइयों ने जीवन की लड़ाइयां भी लड़ना सिखा दिया. मुझे उस समय मारुति के साथ काम करने का मौका मिला.

**धीरज नागवे,** पूर्व छात्र मैकेनिकल, वर्ष 2013

# रवींद्र भवन में रफ़ी के गीतों पर झूम उठा सभागार

▸ **महान गायक की 101 वीं जयंती पर गायकों ने सुनाए सदाबहार नगमे**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 दिसंबर. हिंदी फिल्म संगीत के महान गायक मोहम्मद रफ़ी की एक 101 वीं जयंती पर अंजनी सभागार शनिवार की शाम में रफ़ी की यादें ताजा हो गई, जैसे ही रफ़ी साहब के गीत गूंजे पूरा सभागार तालियों और भावनाओं से भर उठा. श्रोता हर सुर के साथ रफ़ी युग में लौटते नजर आए. कार्यक्रम में कुल 30 गीत प्रस्तुत किए गए. हर गीत पर श्रोताओं की तालियों ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया.**

शहर के 12 प्रमुख गायकों और गायिकाओं ने अपनी आवाज से रफ़ी साहब को श्रद्धांजलि दी. मंच से जैसे ही पहला गीत एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों प्रस्तुत



हुआ सभागार में बैठे श्रोता झूम उठे. रुख से जरा नकाब उठाओ पर श्रोताओं ने सुर में सुर मिलाया. गुलाबी आंखें और ओ दिलबर जानिये पर पूरा सभागार झूमता नजर आया. मधुबन में राधिका नाचे रे और अकेले हैं चले आओ जैसे गीतों ने भावुक माहौल बना दिया. ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे और बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा पर श्रोताओं ने तालियों से कलाकारों का स्वागत किया. कार्यक्रम का आयोजन एंजल म्यूजिकल ग्रुप और सर्वानंद शैक्षणिक एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया.

# माता-पिता की पूजन से प्रसन्न होते हैं प्रभु

## अयोध्या नगर एम सेक्टर में श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस



**भोपाल, 27 दिसंबर.** राजधानी भोपाल के अयोध्या नगर के एम सेक्टर स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस शनिवार को कथाव्यास आचार्य पं. दुर्गा प्रसाद शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान की कृपा पाने का तरीका बताया. उन्होंने कहा कि कलयुग में भगवान की भक्ति का सही तरीका श्रीनाम संकीर्तन है. उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए अपने माता-पिता के सेवक बनो. भगवान से पहले माता-पिता की पूजन करने से भगवान अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं.

> कथा व्यास पं. शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान वामन की कथा का श्रवण भी कराया. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. गौरतलब है कि यहां पर कथा का शुभारंभ 25 दिसंबर गुरुवार को हुआ था. मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन दोपहर दो बजे से कथा का श्रवण कराया जा रहा है. कथा का समापन 1 जनवरी 2026 को पूर्णाहुति एवं भंडारा से होगा.

# 12 वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

## हॉलीक्रास स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 दिसंबर. हॉलीक्रास सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोलार रोड भोपाल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला.**

छात्र एक दूसरे को आगे भी सहयोग देने का भरोसा लेकर विदा हुए. कार्यक्रम का आयोजन बॉलीवुड रेट्रो रिवाइंड थीम पर किया गया. समारोह की शुरुआत स्कूल की प्राचार्य सिस्टर ऊषा एंटनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई. कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी. लंबे समय से साथ पढ़ाई करने वाले छात्र एक साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो गए. समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, आर्केस्ट्रा, नृत्य नाटिका और मन की बात जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता और आत्मीयता देखने को मिली. आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिकाएं दीप्ति जैन और स्वाति पारिख त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा. छात्रों में परी सिंह, रुद्र सिंह तोमर, सम्हिता पांडेय, अध्याशा मिश्रा, चंदेल निसर्ग त्रिपाठी, आशी पाराशर और राज चतुर्वेदी ने सक्रिय भूमिका निभाई. कार्यक्रम का संचालन सम्हिता पांडेय, माही नागले, अध्यन घोड़के और आयुक्त ताइड़े ने किया.

# भगवान शिव ने रावण को दिया वरदान

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल 27 दिसंबर. रवीन्द्र भवन हंसध्वनि सभागार शनिवार की शाम एक जीवंत रामकथा में बदल गया. यहां मंचित नाटक हमारे राम ने संपूर्ण रामायण को भाव और विचार के सूत्र में पिरोकर प्रस्तुत किया. शाम 7 बजकर 15 मिनट पर जैसे ही मंच पर कथा आरंभ हुई, वैसे ही दर्शक नाटक की यात्रा में बहते चले गए.**

नाटक की प्रस्तुति रामायण के चुनिंदा और प्रभावशाली प्रसंगों पर केंद्रित रही. सीता का धरती में समाना. शिव द्वारा रावण को वरदान दिया जाना. लव कुश का पिता राम से संसार के सामने प्रश्न करना. रावण की सभा में शूर्पणखा का प्रतिशोध का स्वांग. इन सभी




दृश्यों को छोटे और सशक्त संवादों में बांधकर मंच पर उतारा गया. कथा की गति और भाव दोनों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा. नाटक आरंभ होने से पहले ही सभागार पूरी तरह भर चुका था. मंच पर कलाकारों की गर्जनापूर्ण आवाज और सजीव अभिनय ने हर दृश्य को प्रभावशाली बना दिया.

> भावपूर्ण क्षणों पर तालियों की गूंज बार बार सुनाई दी. दर्शक केवल देख नहीं रहे थे बल्कि कथा को महसूस कर रहे थे. मुख्य भूमिका में रावण के रूप में अशोक राणा की प्रस्तुति विशेष रूप से ध्यान खींचती रही.



# दादाजी धाम मंदिर में गूंजे खाटू श्याम जी के भजन

**भोपाल, 27 दिसंबर. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा महोत्सव का समापन शनिवार को हुआ. महोत्सव के अंतिम दिन दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा व्यास कामेश कृष्ण महाराज द्वारा श्री हनुमंत कथा का वाचन किया गया.**

कथा के पश्चात आरती के दौरान कथा व्यास कामेश कृष्ण महाराज, भजन गायक उत्कर्ष अग्रवाल, कान्हा व्यास, विष्णु शर्मा, निकुंज शर्मा एवं आशु शर्मा का दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, जीवन नामदेव, शशि कुमार गुप्ता, मनोज मोहन, अनीता, अर्चना नामदेव, मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य एवं पंडित राजेंद्र पलिया द्वारा सम्मान किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को माता जी को अर्पित साड़ी-चुनरी एवं सुहाग सामग्री भेंट की गई.

# एसजीएसयू में इमोशनल इंटेलिजेंस पर वर्कशॉप

**भोपाल, 27 दिसंबर. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी ( एसजीएसयू ) भोपाल के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए 'इमोशनल इंटेलिजेंस: द हिडन स्किलसेट' विषय पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया.**

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में भावनात्मक जागरूकता, आत्म-नियंत्रण, सहानुभूति एवं प्रभावी संवाद कौशल का विकास करना रहा.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईक्यू कोच (आईसीएफ), शिक्षाविद एवं ऑरेंज आउल के संस्थापक एवं निदेशक भास्कर इन्द्रकांति, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. विनोद कुमार शर्मा एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. नितिन कुमार ढिमोले उपस्थित रहे. कार्यशाला के दौरान भावनाओं के प्रबंधन, आत्म-जागरूकता, सामाजिक व्यवहार और पारस्परिक संबंधों को बेहतर बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई. सत्र को सहभागितापूर्ण और व्यवहारिक रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने समूह गतिविधियों, चर्चाओं एवं आत्म-मंथन अभ्यासों के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया.



**अशोक विहार में हरिहरात्मक शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ**

**भोपाल.** अशोका गार्डन के अशोक विहार स्थित मां दुर्गा धाम शक्तिपीठ में 10 दिवसीय हरि हरात्मक शक्ति महायज्ञ का शनिवार को शुभारंभ हुआ. महायज्ञ का समापन 4 जनवरी को होगा.

# साईंधाम नेहरूनगर का 32वां स्थापना दिवस आज

**भोपाल, 27 दिसंबर.** साई कृपा सेवा समिति एवं न्यास द्वारा साई धाम नेहरू नगर का 32वां स्थापना दिवस 28 दिसंबर रविवार को मनाया जाएगा. न्यास के अध्यक्ष प्रभात सोनी व सचिव प्रमोद नेमा ने बताया रविवार सुबह 9 बजे अभिषेक, हवन पूर्णाहुति, महाआरती एवं खिचड़ी वितरण होगा. सायंकाल भजन संध्या एवं राजधानी के विभिन्न मठों के साधु-संत, महंतों तथा अतिथियों का सम्मान एवं खजाना वितरण होगा. व्यवस्थापक विश्वबंधु सोनी ने बताया कि 32 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन संत मंगलम द्वारा साईंधाम की स्थापना की गई थी और यहां पर उन्होंने राजधानी भोपाल का प्रथम भारत माता तथा देश की आजादी में योगदान देने वाले शहीदों की मूर्तियां स्थापित कर मंदिर बनवाया था. यहां की लाइब्रेरी में सभी धर्म के धर्म ग्रंथ भी श्रद्धालुओं को अध्ययन करने के लिए प्राप्त होते हैं.


नव भारत




श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा
छात्र छात्राएँ एवं सभी आयु वर्ग के लिए
फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण
आवेदन करें
मो. 7772991010 इस WhatsApp No.
या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में
पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल

डिस्प्ले क्लासीफाइड

SINCE-2009 लक्ष्य ANURAG'S ACADEMY & लाइब्रेरी
लक्ष्य है सरकारी, तो LAKSHYA ANURAG'S ACADEMY से करें तैयारी
BANK | RAILWAY | SSC | AGNIVEER | MPSI | MP POLICE
NAVY | AIRFORCE | PATWARI | JAIL PRAHARI | MPPSC
MPPEB SPECIAL | MPTET | CTET | ALL GOVT. EXAMS
विगत वर्षों में लक्ष्य कोचिंग के 250+ Students ने विभिन्न Govt Exam में Qualify किया

Amaira Medi Aesthetic Skin & Laser Clinic
खूबसूरत त्वचा का भरोसेमंद समाधान
• Laser Hair Reduction
• Acne
• Pigmentation
• Malsma
• Scars
• All types of medifacial
• Anti ageing treatment
• PMU mackup
Advanced Aesthetic Procedures



Limited Time Offer Flat 60% OFF
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें: 8000900209
Amaira Medi Aesthetic Skin & Laser Clinic
Address: 146 Mahakali society Trilanga Main Near Aura Mall Bhopal Madhya Pradesh

Call: 9250029131 7985066691
Seva Shri POHA
100% Pure Vegetarian
₹25 Dahi Poha | ₹25 Konkani Poha | ₹25 Matki Poha | ₹25 Kurkure Poha
₹25 Sabzi Poha | ₹25 Onion Poha | ₹25 Sambher Poha | ₹25 Indori Poha
₹40 Paneer Poha | ₹35 Lassi | ₹15 Chai
Near Mahindra Coaching Zone-2



साई डेंटल क्लिनिक
Crafting Beautiful Smiles
इस विज्ञापन की कटिंग लाने पर - फ्री कंसल्टेशन!
(Limited Time Offer)
• बिना दर्द का इलाज
• रूट कैनाल ट्रीटमेंट
• दांत निकालना (Extraction)
• Aligners
• डेंटल इम्प्लांट
आपकी सुंदर और स्वस्थ मुस्कान हमारी ज़िम्मेदारी !
डॉ. अरविंद मीणा
B.D.S
विश्वसनीय एवं अनुभवी दंत चिकित्सक
शॉप नं. F-2, शर्मा कॉम्प्लेक्स, वी-मार्ट के पास, करोंद, भोपाल
मो. 7770902686

Dr. NEETA MARWAHA
Oral & Dental Surgeon
Reg. No.: A-4470
Dr. GUNJIT MARWAHA
(Gold Medalist)
Maxillofacial Prosthodontist, Implantologist Cosmetic & Smile Design Specialist
Govt. Civil Hospital Ahmedabad
Reg. No.: 46675-A
MARWAHA'S MULTISPECIALITY DENTAL CLINIC
• Dental Implants
• Orthodontic Treatment
• Major & Minor Oro-Facia
• Surgeries Cosmetic Smile Design
• Teeth Whitening
• OPG
• Digital X-ray



CONSULTING HOURS: Mon To Sat: Morning 9:30 A.M. To 1:00 P.M. & Evening 5:00 P.M. To 8:00 P.M.Sunday: 10 A.M. To 1:00 P.M.
MARWAHA'S DENTAL CLINIC
Address: 191/2, Shakti Nagar, Opposite Alkapuri, Gate No.1, Bhopal,
Mob: 9826028452, 7411912218
Website: www.drneetadental.com,
E-mail: neetamarwaha@gmail.com, gunjit123@gmail.com